[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, शुक्रवार, 16 जनवरी 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 141, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

**सुविचार**

पराजय से सत्याग्रही को निराशा नहीं होती, बल्कि कार्यक्षमता और लगन बढ़ती है।

सीबीआई कोर्ट ने 152 करोड़ के ... 03

04 सैनिकों के सम्मान में उदयपुर ...

## खबर संक्षेप

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया जिला कारागृह का औचक निरीक्षण

**डूंगरपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के एक्शन प्लान की अनुपालना में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार पंचोली के निर्देशन में



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनोज मीणा ने जिला कारागृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 106 बंदी निरुद्ध पाए गए। सचिव ने बंदियों से संवाद कर उनके प्रकरणों की जानकारी ली तथा निःशुल्क विधिक सहायता के प्रावधानों से अवगत कराया। साथ ही कारागृह की साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था एवं चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लेकर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधि विद्यार्थी चन्द्रपाल सिंह पंवार भी उपस्थित रहे। सचिव ने कहा कि प्रत्येक बंदी को न्याय एवं विधिक सहायता की समान सुविधा उपलब्ध कराना प्राधिकरण का प्रमुख उद्देश्य है।

### पुलिस थाना बाघपुरा की बड़ी कार्रवाई : हत्या का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार



**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले के थाना बाघपुरा क्षेत्र में घटित हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया गया है। प्रकरण के अनुसार 14 जनवरी 2026 को प्रार्थी केशू लाल पिता कोदरा निवासी देवीनबारा थाना बाघपुरा जिला उदयपुर द्वारा रिपोर्ट पेश की गई कि 13 जनवरी 2026 को सांयकाल करीब 6.30 बजे उसके साढू धर्मचंद के पुत्र मुकेश द्वारा उसके पुत्र मन्नालाल के साथ मारपीट की गई तथा लोहे के कुंदाले से सिर पर वार किया गया, जिससे मन्नालाल को गंभीर चोट आई। घायल को उपचार हेतु झाड़ोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। रिपोर्ट पर पुलिस थाना बाघपुरा में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर योगेश गोयल के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा अंजना सुखवाल एवं पुलिस उप अधीक्षक वृत्त झाड़ोल विवेक सिंह राव के सुपरविजन में थानाधिकारी बाघपुरा वेलाराम के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा आसूचना एवं तकनीकी सहयोग से कार्रवाई करते हुए अभियुक्त मुकेश पिता धर्मचंद निवासी देवीनबारा थाना बाघपुरा जिला उदयपुर को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त हथियार कुदाली भी बरामद कर ली है। प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान जारी है। गिरफ्तार अभियुक्त मुकेश पिता धर्मचंद निवासी देवीनबारा थाना बाघपुरा जिला उदयपुर है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी वेलाराम, सहायक उप निरीक्षक राजेश मेहता, कांस्टेबल महेंद्र सिंह, फरीद, कमलेश एवं सुनील शामिल थे।

**महिला का पीछा करने व आधार कार्ड में कूट रचना का मामला :**

### 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले में महिलाओं को परेशान करने एवं सरकारी पहचान संबंधी दस्तावेजों में कूट रचना करने के मामलों पर सख्ती दिखाते हुए पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। अपनी वास्तविक पहचान छुपाकर महिला को विश्वास में लेने, दोस्ती के नाम पर पीछा करने तथा आधार कार्ड जैसे सरकारी दस्तावेज में फर्जीवाड़ा करने के प्रकरण में पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर योगेश गोयल के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी द्वारा फर्जी नाम व पहचान का उपयोग कर महिला से संपर्क किया गया तथा वास्तविकता सामने आने के बाद भी लगातार पीछा कर महिला एवं उसके परिजनों को धमकाया गया।

78वां सेना दिवस – शौर्य संध्या कार्यक्रम का आयोजन

# राजस्थान की धरती ने भारत की सैन्य परंपरा को आगे बढ़ाया : राजनाथ सिंह

## शौर्य संध्या में भारतीय सेना की शौर्य गाथा से रोमांचित हो उठा जयपुर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com







**जयपुर।** केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सेना दिवस मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले जवानों के अदम्य साहस, अटूट समर्पण और अप्रतिम बलिदान की गाथा को स्मरण करने का दिन है। इन्हीं के कारण आज पूरा भारत सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के कण-कण में वीरता की गाथाएं समाई हैं। शौर्य, पराक्रम और त्याग की अमर कहानियों से यहां का इतिहास भरा हुआ है। राजस्थान की धरती ने हमेशा भारत की सैन्य परंपरा को आगे बढ़ाया है एवं इसे शक्ति तथा गरिमा भी प्रदान की है।

श्री सिंह गुरुवार को 78वें सेना दिवस के अवसर पर सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित किए गए शौर्य संध्या कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान के वीरों ने भारत माता की सेवा में अपने शरीर का रक्त बहाया है। महाराणा प्रताप की तलवार से लेकर राणा सांगा के शौर्य तक, पन्नाधाय के त्याग से लेकर मीराबाई की भक्ति तक और भामाशाह की संपत्ति तक इस भूमि ने हर क्षेत्र में अद्भुत पुरूषार्थ कापरिचय दिया है।

### शौर्य भूमि पर शौर्य संध्या का आयोजन सैनिकों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि

रक्षा मंत्री ने कहा कि राजस्थान के सभी समुदायों के वीरों ने सेना में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। आज भी राजस्थान के युवा सेना की विभिन्न रेजिमेंट में सेवारत होकर देश की सीमाओं पर रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान के ऐतिहासिक किलों, महलों और स्मारकों ने सैकड़ों वर्षों से सैन्य क्षमता, रणनीति और साहस का पोषण किया है। ऐसी शौर्य भूमि पर शौर्य संध्या का आयोजन वीर सैनिकों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

### सैनिक से सीखें निस्वार्थ सेवा का गुण

श्री सिंह ने कहा कि भारतीय सैनिक के लिए उसका कत्तव्य यज्ञ के समान होता है और उसका त्याग उसकी आहुति होती है। सैनिक अच्छे से जानता है कि उसके सभी कर्मों का फल व्यक्तिगत नहीं बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र की सुरक्षा और समृद्धि के रूप में प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि यह निस्वार्थ सेवा का उच्चतम आदर्श है जिसकी परिकल्पना हमारे ऋषियों ने की। उन्होंने नागरिकों औरयुवाओं से सैनिक के राष्ट्र की निस्वार्थ सेवा का गुण सीखने की अपील की।

भारतीय सेना-राष्ट्र निर्माण का प्रमुख स्तंभ

रक्षा मंत्री ने कहा कि सेना की रेजिमेंट्स में विभिन्न राज्यों के नौजवान साथ-साथ एक-दूसरे के त्योहार मनाते हैं। एक-दूसरे की भाषा सीखते हैं और संकट में सहायक भी बनते हैं। सेना ने भारत की सामाजिक एकता को मजबूत बनाने में अतुल्य योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना सिर्फ सैन्यबल नहीं है बल्कि यह राष्ट्र निर्माण का भी प्रमुख स्तंभ है। भारत में सीमाक्षेत्र के अलावा हर क्षेत्र में भी सेना नागरिकों के साथ मिलकर काम करती है। जनता का सेना पर अटूट विश्वास है और यह विश्वास ही सेना की सबसे बड़ी ताकत है।

### सेना में महिलाओं की भूमिका को बढ़ाने के हुए सकारात्मक प्रयास

श्री सिंह ने कहा कि इंटर सर्विसेज को भी लगातार मजबूत बनाना होगा क्योंकि जिस प्रकार युद्ध के आयामों का विस्तार हो रहा है उसे देखते हुए अब कुछ भी अप्रत्याशित नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सेनाएं हमारी प्राथमिक ताकत हैं। इसलिए इसका सबके साथ फॉरवर्ड लुकअप कॉलेब्रेशन आवश्यक है। हमने प्रधानमंत्री के विजन से सेनाओं में महिलाओं की भूमिका को बढ़ाने के भी सकारात्मक प्रयास किए हैं। हमने आर्मी में शॉर्ट सर्विस कमीशन से कमीशन्ड महिलाओं को परमानेंट कमीशन में बदलने का प्रावधान कर दिया है। साथ ही, नेशनल डिफेंस एकेडमी में वर्ष 2021 से बेटियों के एडमिशन की भी शुरूआत की है।

### भारत की ताकत का प्रदर्शन है ऑपरेशन सिंदूर : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान शौर्य, भक्ति और शक्ति की भूमि है। राजस्थान को वीर सपूतों के लिए जाना जाता है। राजस्थान की धरती मां भारती की रक्षा करने में सदा तत्पर रही है। उन्होंने कहा कि देश की सबसे लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा राजस्थान में है और यहां का हर घर सेना के प्रति समर्पण से भरा है।

श्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान के योद्धाओं ने सदियों से भारत की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है। बप्पा रावल से लेकर महाराणा प्रताप तक, राणा कुंभा, राणा सांगा और पृथ्वीराज चैहान जैसे महान योद्धाओं ने विदेशी आक्रमणकारियों को धूल चटाई। उन्होंने कहा कि परमवीर चक्र विजेता पीरू सिंह, मेजर शैतान सिंह और लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह जैसे वीर सपूतों ने राजस्थान का नाम इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के युवा एनडीए, सैनिक स्कूल व रक्षा अकादमियों में बड़ी संख्या में चयनित होते हैं। यहां के गांवों और कस्बों से युवा सेना में भर्ती होने का सपना देखते हैं और देश सेवा को अपना सौभाग्य मानते हैं।

### सेना दिवस परेड को राष्ट्रीय पर्व की तरह मनाया

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह की दूरदर्शी सोच को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जिसके अंतर्गत सैन्य आयोजनों को दिल्ली से बाहर ले जाकर देश की आम जनता तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि वीरों की मातृभूमि राजस्थान में सेना दिवस परेड का आयोजन हुआ है तथा इसे एक उत्सव और राष्ट्रीय पर्व की तरह मनाया गया है।

शौर्य संध्या कार्यक्रम को देखने के लिए राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागड़े, मिजोरम के राज्यपाल जनरल (रि.) वीके सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चैहान, थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, सप्तशक्ति कमान के सेना कमाण्डर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह, विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा, मंत्रिपरिषद के सदस्यगण, सांसद श्री मदन राठौड़, विधायकगण सहित भूतपूर्व सेना अध्यक्ष, नौसेना अध्यक्ष,केन्द्र व राज्य सरकार के अधिकारीगण, भूतपूर्व सैनिक, वीर नारियों सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# जिला कलेक्टर नमित मेहता का पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुखेर का निरीक्षण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com





**उदयपुर।** जिला कलेक्टर नमित मेहता ने गुरुवार को शहर के सुखेर स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं भौतिक व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया तथा संस्था प्रधान से विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, छात्र नामांकन, शिक्षण व्यवस्था एवं उपलब्ध संसाधनों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने कक्षा-कक्षों में जाकर विद्यार्थियों से प्रत्यक्ष संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई, विषयों में रुचि एवं भविष्य की योजनाओं को लेकर चर्चा की और विद्यार्थियों को जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर पूरी तन्मयता के साथ अध्ययन करने का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने अंग्रेजी एवं गणित विषय से संबंधित प्रश्न भी पूछे तथा विद्यार्थियों की विषय समझ, आत्मविश्वास एवं प्रस्तुति की सराहना की।

जिला कलेक्टर नमित मेहता ने संस्था प्रधान को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में समय-समय पर कैरियर काउंसलिंग सत्र आयोजित किए जाएं, जिससे विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी मिल सके और वे सही दिशा में आगे बढ़ सकें।

उन्होंने एडीपीसी समग्र शिक्षा ननिहाल सिंह को निर्देशित किया कि पीएम श्री विद्यालय योजना के अंतर्गत निर्धारित सभी मानकों के अनुरूप विद्यालय का संचालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही विद्यालय में आवश्यक विकास कार्यों की पहचान कर उनके प्रस्ताव शीघ्र भेजने के निर्देश भी दिए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक एवं भौतिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

निरीक्षण के दौरान यूडीए आयुक्त राहुल जैन, एडीपीसी समग्र शिक्षा ननिहाल सिंह, यूडीए तहसीलदार अभिनव शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विद्या भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मकर संक्रांति मेला एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**उदयपुर।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर विद्या भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में उत्सव का आयोजन मेले के रूप में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में तारा संस्थान द्वारा नेत्र जांच शिविर भी लगाया गया, जिसमें विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी, उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन द्वारा सक्रिय सहभागिता निभाने वाले अभिभावकों को प्रशस्ति पत्र (सर्टिफिकेट) देकर सम्मानित भी किया गया, जिससे उनका उत्साह और बढ़ा। विद्यालय में आयोजित मेले में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजन एवं खेलों के स्टॉल लगाए गए। रंग-बिरंगे स्टॉल और बच्चों की रचनात्मकता ने मेले को आकर्षक बना दिया। मेले के साथ-साथ विद्यार्थियों को मिट्टी के चाक (पॉटरी व्हील) के माध्यम से मिट्टी के बर्तन बनाने का प्रशिक्षण भी दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता को बढ़ावा देना, हस्तकला के प्रति रुचि विकसित करना तथा उन्हें पारंपरिक कला से जोड़ना था। बच्चों ने उत्साहपूर्वक इस गतिविधि में भाग लिया। सभी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों ने मेले का भरपूर आनंद लिया। मेले के साथ आयोजित नेत्र जांच शिविर में विशेषज्ञों द्वारा आंखों की जांच की गई। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। जांच के दौरान जरूरतमंदों को आवश्यक परामर्श भी दिया गया।

इस आयोजन में स्थानीय विद्यालय के अतिरिक्त आसपास के विद्यालयों के भी लगभग 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मेले में न केवल विद्यार्थियों को सीखने और मनोरंजन के अवसर प्रदान किये गये, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया। विद्यालय परिवार द्वारा किए गए इस प्रयास की अभिभावकों एवं आगंतुकों ने सराहना की।

रक्षा एआई टूल से महाराष्ट्र में बाल संरक्षण को मिलेगा नया बल

# बाल तस्करी, बाल विवाह और बाल यौन शोषण सामग्री पर रोक में बनेगा कारगर हथियार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com






**मुंबई।** बच्चों के विरुद्ध बढ़ते अपराधों–जैसे बाल तस्करी, बाल विवाह तथा बाल यौन शोषण सामग्री के प्रसार–से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित ह्यरक्षाह्न टूल का राष्ट्रव्यापी शुभारंभ किया गया है। यह टूल महाराष्ट्र के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण सिद्ध हो सकता है, जहां बच्चों के खिलाफ अपराधों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो 2023 के अनुसार, देशभर में दर्ज 1,77,335 अपराधों में से अकेले महाराष्ट्र में 22,390 मामले दर्ज किए गए।

यह अत्याधुनिक एआई टूल ह्यजस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रनह्न द्वारा विकसित किया गया है, जो देशभर के आंकड़ों का विश्लेषण कर वास्तविक समय में संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान, जोखिमग्रस्त परिवारों का पता लगाने और संगठित तस्करी अपराधों की निगरानी में सहायता करता है। उन्नत तकनीक के माध्यम से यह टूल हॉटस्पॉट मैपिंग, डेटा विश्लेषण और ट्रैकिंग की सुविधा प्रदान करता है।

रक्षा टूल का शुभारंभ ह्यप्रॉस्पेरिटी फ्यूचर्सः चाइल्ड सेफ्टी टेक समिटह्न में किया गया, जो एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का आधिकारिक प्री-समिट आयोजन था। यह सम्मेलन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन द्वारा रणनीतिक साझेदार इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन के सहयोग से तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से संबद्धता में आयोजित हुआ।

इस अवसर पर केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी तथा वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि तकनीक का वास्तविक मूल्य तभी है जब वह सबसे कमजोर वर्ग की सुरक्षा करे। बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और ह्यरक्षाह्न टूल इसी दिशा में एक सशक्त कदम है।

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन देश के सबसे बड़े बाल संरक्षण नेटवर्क में से एक है, जिसमें 250 से अधिक नागरिक समाज संगठन शामिल हैं और यह 451 जिलों में सक्रिय है। अकेले महाराष्ट्र में इसके 17 गैर-सरकारी साझेदार 30 जिलों में कार्यरत हैं। राज्य में 2021 में बच्चों के विरुद्ध अपराधों की संख्या 17,261 थी, जो 2022 में बढ़कर 20,762 हो गई, जिससे समय पर हस्तक्षेप की आवश्यकता और भी स्पष्ट होती है।

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के संस्थापक भुवन ऋभु ने कहा कि ह्यरक्षाह्न टूल भारत को बाल संरक्षण के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व प्रदान करेगा। यह तकनीक हर उस बच्चे और परिवार तक पहुंचने में सहायक होगी जिसे देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता है। डेटा को ज्ञान और कार्रवाई में बदलकर यह प्रणाली न्याय तक पहुंच, सेवा वितरण और बच्चों के सुरक्षित भविष्य को मजबूत करेगी।

रक्षा टूल तीन प्रमुख स्तंभों–पूर्वानुमान, रोकथाम और संरक्षण–पर आधारित है। पहला घटक परिवारों की आर्थिक असुरक्षा को कम कर बाल विवाह की रोकथाम करता है। दूसरा घटक संगठित बाल तस्करी को पहले ही पहचानकर रोकने तथा वित्तीय लेनदेन के माध्यम से अपराध नेटवर्क को उजागर करने में सहायक है। तीसरा घटक डिजिटल बाल संरक्षण को मजबूत करते हुए बाल यौन शोषण सामग्री से जुड़े ऑनलाइन क्षेत्रों और गतिविधियों का विश्लेषण करता है।

बाल संरक्षण के क्षेत्र में यह पहल कानून प्रवर्तन एजेंसियों, समुदायों और जमीनी संगठनों के लिए एक महत्वपूर्ण साधन साबित होने की उम्मीद है, जो महाराष्ट्र सहित पूरे देश में बच्चों के सुरक्षित और सम्मानजनक भविष्य की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाएगा।

# माही टॉक फेस्ट 4.0 के टीजर का विमोचन, 23 से 25 जनवरी तक बांसवाड़ा में होगा आयोजन





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**बांसवाड़ा।** डॉ. नागेंद्र सिंह विधि महाविद्यालय, बांसवाड़ा में गुरुवार को माही टॉक फेस्ट 4.0 के टीजर का विमोचन किया गया। यह आयोजन गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय एवं विश्व संवाद केंद्र उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

टीजर विमोचन कार्यक्रम में भारतीय विद्या मंदिर संस्थान के सचिव महिपाल सिंह राव, महाविद्यालय के प्राचार्य विक्रम सिंह, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर रितिक राठौड़ तथा दीक्षित गर्ग सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। माही टॉक फेस्ट टीम की ओर से राजश्री चौधरी, विकास छाजेड़, कनन राठौड़, दक्षेस, रोहित व्यास, मामराज एवं रणधीर व्यास ने सहभागिता निभाई।

इस अवसर पर महिपाल सिंह राव ने कहा कि पुस्तकों का अध्ययन राष्ट्र के बौद्धिक एवं सांस्कृतिक विकास की आधारशिला है। माही टॉक फेस्ट जैसे आयोजन युवाओं में संवाद, वैचारिक चेतना और अध्ययन संस्कृति को सशक्त करते हैं। टीम सदस्यों ने बताया कि माही टॉक फेस्ट 4.0 का आयोजन 23 से 25 जनवरी 2026 तक श्री गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय परिसर में होगा। फेस्ट के अंतर्गत साहित्यिक विमर्श, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रदर्शनियां, प्रतियोगिताएं तथा राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के सहयोग से तीन दिवसीय पुस्तक मेला आयोजित किया जाएगा।

आयोजन को लेकर शहर के विभिन्न महाविद्यालयों एवं छात्रावासों में आउटरीच अभियान चलाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। फेस्ट में भाग लेने एवं स्वयंसेवी पंजीकरण के लिए प्रतिभागी पोस्टर पर उपलब्ध क्यूआर कोड के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं।

# राष्ट्रीय रोड सेफ्टी माह : निशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मे वितरित




**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** उदयपुर-चित्तौड़गढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर 37 वें नेशनल रोड सेफ्टी माह के अवसर पर नारायणपुरा टोल प्लाजा पर नेशनल हाइवे ऑथिरिटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में उचित एक्सप्रेस वे प्राइवेट लिमिटेड की ओर से दो दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भिंडर थाना अधिकारी पूनाराम और मंगलवाड़ थाना के एएसआई जगदीश की उपस्थिति में हुआ। दो दिवसीय शिविर में ट्रक चालकों और अन्य वाहन चालकों की आँखों की जांच कर उन्हें मुफ्त चश्मे प्रदान किए गए। साथ ही सीट बेल्ट, हेलमेट, लेन अनुशासन, शराब पीकर वाहन न चलाने और तेज गति से बचने जैसे सुरक्षा संदेशों पर जागरूक किया गया। इस अवसर पर सभी को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। समापन अवसर पर एनएचएआई प्रोजक्ट डायरेक्टर अनिल चौधरी, टोल नाके के प्रोजेक्ट हेड सूर्यप्रताप सिंह, ऑपरेशन हेड इंतजार हुसैन और संजय शर्मा, विजय भारद्वाज, मुकेश शर्मा व नरेंद्र उपस्थित रहे। सड़क सुरक्षा माह के दौरान उचित एक्सप्रेस वे प्राइवेट लिमिटेड स्टाफ की ओर से राजमार्ग के जंक्शनों, स्कूलों, गाँवों, ढाबों और होटलों पर भी व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।

# राजस्थान ने गुजरात से 5-2 से मुकाबला जीत कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, आज होगा झारखंड से राजस्थान का मुकाबला

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** एसजीएफआई एवं पीएम श्री फतह स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में उदयपुर में चल रही 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय हॉकी प्रतियोगिता (19 वर्ष छात्र) में राजस्थान ने गुजरात से 5-2 से मुकाबला जीत कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। शुक्रवार को राजस्थान का क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेलगांव के एस्ट्रोटर्फ मैदान पर प्रातः साढ़े सात बजे झारखंड से होगा।




प्रातः कालीन सत्र में गुरुवार को खेल गांव के एस्ट्रो टर्फ मैदान पर खेले गए राजस्थान व गुजरात के मध्य खेले गए प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में राजस्थान ने पहले क्वार्टर में तीन गोल एवं दूसरे क्वार्टर में एक गोल दाग कर कुल गोल 4-0 से बढ़त बना ली थी लेकिन गुजरात टीम ने हॉफ टाइम बाद लगातार दो गोल कर दिए। जिस मैच रोमांचक हो गया। लेकिन राजस्थान टीम ने वापसी करते हुए एक गोल करके स्कोर 5-2 कर दिया। इस प्रकार राजस्थान ने मैच जीत कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस अवसर पर खेल मैदान पर अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी मुरलीधर चौबीसा एवं उप जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा लक्ष्मण सालवी, केन्द्राध्यक्ष गजेंद्र आवोत सहित अनेक शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे। इसी के साथ कुल 8 टीमें राजस्थान, पंजाब, उड़ीसा, दिल्ली, सीबीएसई, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश एवं झारखंड क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पंहुच चुकी है।

# 'किसी को बुरा दिखाकर अच्छा नहीं बन सकते'

## पेड नेगेटिव पीआर पर भड़कीं सोनल चौहान



**बॉलीवुड में पेड नेगेटिव पीआर और सोशल मीडिया ट्रोलिंग अब एक बड़ी समस्या बन चुकी है। कई एक्टर्स इस तरह की जानबूझकर फैलाई जा रही नकारात्मकता से परेशान हैं। इसी बीच अभिनेत्री सोनल चौहान ने इस मुद्दे पर खुलकर बात की और कहा कि किसी को नीचा दिखाकर कोई खुद ऊपर नहीं उठ सकता।**

**सोनल** का मानना है कि बॉलीवुड में कॉम्पिटिशन तो होनी चाहिए, लेकिन वह सकारात्मक और रचनात्मक हो। ट्रोलिंग और पेड नेगेटिविटी से न सिर्फ एक्टर्स की मानसिक शांति प्रभावित होती है, बल्कि उनके काम और मेहनत पर भी बुरा असर पड़ता है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर किए पोस्ट के जरिए अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, 'एक्टर्स के खिलाफ चल रही ये पेड पीआर अब बंद होनी चाहिए। इतनी नेगेटिविटी की कोई जरुरत नहीं है। किसी को बुरा दिखाकर कोई अच्छा नहीं बन सकता। हम एक-दूसरे के लिए खुश क्यों नहीं हो सकते? सब बहुत मेहनत करते हैं, अगर हम सपोर्ट करें, तो इंडस्ट्री का माहौल बहुत बेहतर हो सकता है। हमें बस थोड़ा सकारात्मक रहना है। 'सोनल से पहले कई एक्टर्स पेड नेगेटिव पीआर के खिलाफ आवाज उठाते दिखे। तारा सुतारिया ने हाल ही में बताया कि उनके खिलाफ पेड नेगेटिव पीआर चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झूठी अफवाहें और ट्रोलिंग से उनका मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। वे चाहती हैं कि लोग उनके काम पर फोकस करें, न कि बनाई हुई कहानियों पर। यामी गौतम ने भी पेड हाइप और नेगेटिव कैंपेन को इंडस्ट्री के लिए खतरनाक बताया। उन्होंने कहा कि यह एक तरह की वसूली है, जो धीरे-धीरे दीमक की तरह पूरी इंडस्ट्री को खा जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने इंडस्ट्री से इस कल्चर को खत्म करने की अपील की। ऋतिक रोशन ने पेड पीआर पर गहरा बयान दिया।

# संदीपा धर ने लाल ड्रेस में बढ़ाया ग्लैमर का पारा

**अभिनेत्री** संदीपा धर जानती हैं कि स्टाइल स्टेटमेंट कैसे बनाया जाता है, और उनकी हालिया अपीयरेंस इस बात का शानदार सबूत है। बोल्ड रेड ड्रेस में नजर आई संदीपा ने ग्लैमर, कॉन्फिडेंस और अट्रैक्शन का ऐसा परफेक्ट मेल पेश किया कि फैशन लवर्स और फैंस दोनों ही प्रभावित हुए बिना नहीं रह सके। रेड एन्सेंबल का डेरिंग सिलुएट और स्ट्रैटेजिक कट-आउट्स संदीपा की टोंड फिगर को खूबसूरती से कॉम्प्लीमेंट करते हैं। हाल्टर नेकलाइन उनके कॉलरबोन्स और शोल्डर्स को हाइलाइट करती है, जबकि फिगर-हगिंग फिट उनकी कर्व्स को एलिगेंट और सेंसुअस अंदाज़ में उभारता है। थाई-हाई स्लिट लुक में ड्रामैटिक टच जोड़ता है, जिससे यह आउटफिट सोफिस्टिकेशन और बोल्ड हॉटनेस के बीच बेहतरीन बैलेंस बनाता है। इस लुक को खास बनाती है संदीपा का इसे कैरी करने का अंदाज़। उनका कॉन्फिडेंट पॉश्चर, फ्लुइड पोज़ और सहज ग्रेस इस ड्रेस को सिर्फ फैशन चॉइस नहीं, बल्कि एक पावरफुल स्टाइल स्टेटमेंट बना देते हैं। कंधों पर गिरती सॉफ्ट वेव्स और मिनिमल मेकअप लुक को सटल रखते हुए ड्रेस पर फोकस बनाए रखते हैं, जबकि उनकी ग्लोइंग स्किन और एक्सप्रेसिव आंखें मैग्नेटिक अपील को और बढ़ा देती हैं। विशेष रूप से अक्सर पैशन और पावर का रंग माना जानेवाला लाल रंग ऐसा लग रहा है, जैसे वो ख़ास तौर पर संदीपा धर के लिए ही बना हो। यह शेड उनके कॉम्प्लेक्शन को न सिर्फ खूबसूरती से निखार रहा है, बल्कि उनकी बोल्ड ऑन-स्क्रीन पर्सनैलिटी को और भी उभार रहा है, जिससे यह लुक एक साथ फियरी और रिफाइंड नजर आ रहा है। संदीपा धर अपने अपीयरेंस से यह भी साबित कर रही हैं कि सच्चा स्टाइल सिर्फ पहनावे में नहीं, बल्कि उसे निभाने के अंदाज़ में होता है। इस शानदार रेड ड्रेस मोमेंट के साथ संदीपा धर एक बार फिर साबित करती हैं कि वह एलिगेंस और ऊम्फ के बीच बेहद आसानी से मूव कर सकती हैं। ऐसे में यह कहें तो बिलकुल गलत नहीं होगा कि हॉट, कॉन्फिडेंट और फैशन-फॉरवर्ड के साथ लगातार स्टाइल गोल्स सेट करती जा रही संदीपा धर इंडस्ट्री की सबसे एफर्टलेसली ग्लैमरस एक्ट्रेसेज़ में अपनी जगह और मजबूत कर रही हैं।



## चिरंजीवी की अगली

# फिल्म से बाहर हुए मोहनलाल

**तेलुगु** फिल्म इंडस्ट्री में चल रही आर्थिक तंगी अब किसी से छिपी नहीं है। बड़े बजट की फिल्मों पर भी इसका असर साफ नजर आने लगा है। इसी कड़ी में चिरंजीवी की एक अंडर-प्रोडक्शन फिल्म, जिसे निर्देशक बॉबी बना रहे हैं, एक गंभीर आर्थिक अड़चन में फंस गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक...इस फिल्म में एक बेहद अहम कैमियो रखा गया था, जिसे किसी बड़े स्टार को निभाना था। यह कैमियो कुछ वैसा ही माना जा रहा था, जैसा अमिताभ बच्चन ने रजनीकांत की फिल्म अंधा कानून में किया था। इसके लिए निर्देशक बॉबी ने मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल से संपर्क किया। चिरंजीवी और मोहनलाल के बीच अच्छे रिश्तों को देखते हुए मेकर्स को उम्मीद थी कि वह यह कैमियो बिना फीस के करेंगे। लेकिन मामला तब उलट गया, जब मोहनलाल ने इस कैमियो के लिए कथित तौर पर 30 करोड़ रुपए की फीस मांगी। यह रकम सुनकर निर्माता हैरान रह गए और तुरंत बैकफुट पर आ गए। इसके बाद मेकर्स ने किसी ऐसे तेलुगु अभिनेता की तलाश शुरू कर दी, जो यह कैमियो बिना फीस के करने को तैयार हो। एक सूत्र के अनुसार... मौजूदा हालात में तेलुगु निर्माता किसी भी बड़े अभिनेता को, वह भी सिर्फ कैमियो के लिए, इतनी बड़ी रकम देने की स्थिति में नहीं हैं। यह घटना साफ तौर पर दिखाती है कि तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री इस समय गंभीर आर्थिक दबाव से गुजर रही है।



## सेलिना जेटली ने बयां किए दर्द

# पति ने गिफ्ट में दिया तलाक का नोटिस, बच्चों से कर दिया दूर...



**अभिनेत्री** सेलिना जेटली इस वक्त बुरे दौर से गुजर रही हैं। अपने दर्द को बयां करने के लिए उन्होंने सोशल मीडिया का सहारा लिया। पोस्ट में उन्होंने बताया कि उन्हें पति ने एनिवर्सरी पर ही गिफ्ट में तलाक का नोटिस दे दिया और बच्चों से दूर कर दिया गया। वह पड़ोसियों की मदद से रात 1 बजे ऑस्ट्रिया से बाहर निकली थीं। सेलिना जेटली ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इमोशनल पोस्ट करते हुए अपनी जिंदगी के दर्दनाक अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया, ' दुर्व्यवहार और उत्पीड़न से बचने के लिए उन्होंने 11 अक्टूबर 2025 की रात को ऑस्ट्रिया छोड़ दिया था। इस फैसले के साथ ही उन्हें अपने तीन बच्चों से अलग होना पड़ा, जिससे उनका दिल टूट गया। सेलिना ने लिखा, 'जिस दिन मैंने अपनी इज्जत, अपने बच्चों और अपने भाई की रक्षा के लिए ऑस्ट्रिया छोड़ने का फैसला किया, उसी दिन मैंने अपने बच्चों को खो दिया। यह पोस्ट उन सभी लोगों के लिए है जो अपमानजनक शादियों से गुजर रहे हैं। वे अकेले नहीं हैं।' सेलिना ने बताया कि रात 1 बजे पड़ोसियों की मदद से वे ऑस्ट्रिया से निकलीं और बहुत कम पैसे के साथ भारत लौटीं। भारत पहुंचकर उन्हें अपने ही घर में प्रवेश के लिए कोर्ट जाना पड़ा।



# 52 साल की Malaika Arora ने ट्रोलर्स को दिया मुंहतोड़ जवाब

**मलाइका** अरोड़ा 52 साल की हैं लेकिन उन्होंने बॉलीवुड में तहलका मचाकर रखा हुआ है. वह जिस भी फिल्म में आइटम सॉन्ग करती हैं वो गाना छा जाता है. मलाइका अरोड़ा का आइटम सॉन्ग मुन्नी बदनाम हुई हर किसी की जुबां पर रहता है लेकिन इसके अलावा भी उन्होंने कई गानों में अपनी अदाएं दिखाई हैं. साल 2025 में मलाइका यो यो हनी सिंह के म्यूजिक वीडियो 'चिलगम' में नजर आई थीं.

इसके बाद वह फिल्म 'थामा' के गाने 'पॉइजन बेबी' में भी अपना जलवा दिखा चुकी हैं. मलाइका कई बार अपने आइटम सॉन्ग की वजह से ट्रोल भी होती हैं और वजह उनकी उम्र हैं. इस पर अब मलाइका ने मजेदार रिएक्शन दिया है.

## 52 की उम्र में कैसे करती हैं आइटम सॉन्ग?

मलाइका अरोड़ा ने नम्रता जकारिया के यूट्यूब शो में अपने करियर और पर्नसल लाइफ पर बात की. इस मौके पर मलाइका से उनके आइटम सॉन्ग के बारे में पूछा गया और ट्रोलिंग पर सीधा सवाल किया गया. बदले में मलाइका अरोड़ा ने भी शानदार अंदाज में सीधा जवाब दिया, जिससे ट्रोलर्स की बोलती बंद हो जाएगी. उनसे पूछा गया कि क्या वह इस इमेज को अपना मानती हैं, जो उनकी परफॉर्मेंस से जुड़ी है? इस पर उन्होंने कहा, 'क्यों नहीं? मुझे इस काम को करने या इसके लिए माफी मांगने की क्या जरूरत है? आपको चीजों के लिए ट्रोल किया जाता है. बहुत से लोग अलग-अलग बातें कहते हैं, लेकिन मुझे समझ नहीं आता कि इसमें इतनी बड़ी क्या बात है.'

# सीबीआई कोर्ट ने 152 करोड़ के बैंक घोटाले में दो निजी कंपनियों सहित छह आरोपियों को सुनाई सजा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**पंचकूला।** सीबीआई न्यायालय, पंचकूला ने 152 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी प्रकरण में दो निजी कंपनियों और छह व्यक्तियों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। न्यायालय ने 13 जनवरी 2026 को पारित आदेश में एम/एस एसआरएस रियल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड तथा एम/एस एसआरएस रियल एस्टेट लिमिटेड को दोषी मानते हुए प्रत्येक कंपनी पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। प्रकरण में आरोपी व्यक्तियों राजेश सिंगला और अनिल जिंदल को पांच-पांच वर्ष के कठोर कारावास एवं प्रत्येक को 1.20 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। वहीं बिशन बंसल और नानक चंद टायल को पांच-पांच वर्ष के कठोर कारावास के साथ 80-80 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। सीमा नरंग और धीरज गुप्ता को चार-चार वर्ष के कठोर कारावास तथा 40-40 हजार रुपये जुर्माने की सजा दी गई है। केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा यह मामला 14 जुलाई 2020 को केनरा बैंक के सर्किल कार्यालय, करनाल, हरियाणा की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि आरोपियों ने आपसी षड्यंत्र कर धोखाधड़ीपूर्वक 152 करोड़ रुपये की ऋण सीमा स्वीकृत करवाई और प्राप्त धनराशि को निर्धारित उद्देश्य के बजाय अन्य कार्यों में उपयोग कर बैंक को भारी नुकसान पहुंचाया।

जांच में सामने आया कि दोनों निजी कंपनियों ने अपने निदेशकों के माध्यम से फर्जी कंपनियों का उपयोग कर ऋण राशि को डायवर्ट किया, जिससे केनरा बैंक को क्रमशः 41.95 करोड़ रुपये और 93.20 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। जांच पूरी होने के बाद सीबीआई ने 31 दिसंबर 2022 को आरोपियों के विरुद्ध दो आरोप पत्र न्यायालय में पेश किए थे।

न्यायालय ने विचारण उपरांत 22 दिसंबर 2025 को सभी आरोपियों को दोषी ठहराया तथा 13 जनवरी 2026 को सजा सुनाई।

## खबर संक्षेप

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह

### एनएचएआई लाम्बिया टोल प्लाजा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा @ पदमावत मीडिया।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा जिलेभर में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिसके तहत



लाम्बिया टोल प्लाजा पर जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये गये। टोल पर आने वाले टू व्हीलर व फोर व्हीलर वाहन चालकों को जागरूकता के लिए पंपलेट का वितरण किया गया। टोल प्लाजा के जनरल मैनेजर सुरेश राजगुरु ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान एनएचएआई द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान डीजीएम विश्वास राव सत्ते, इंसीडेंट मैनेजर रिधकरण ने जानकारी दी कि अभियान के दौरान लगातार जागरूकता के कार्यक्रम चलाये जा रहे है और आने वाली 22 जनवरी को रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जायेगा। जिसमें 100 यूनिट रक्त का टारगेट रखा गया।

### ISEF ने राष्ट्रीय टूर्नामेंट 2026 की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** इंडियन स्पोर्ट्स एंड एजुकेशन फेडरेशन की ओर से आगामी राष्ट्रीय खेल टूर्नामेंट 2026 की



तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी मनोज यादव ने की। बैठक में मनोज यादव ने आयोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को पारदर्शी, समयबद्ध और पेशेवर मानकों के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से शेष खिलाड़ियों के पंजीकरण की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने पर जोर दिया, ताकि टूर्नामेंट से पूर्व खिलाड़ियों के आवास, भोजन और खेल सुविधाओं की समुचित तैयारियां समय रहते सुनिश्चित की जा सकें। बैठक के दौरान फेडरेशन पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय टूर्नामेंट से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और बताया कि टूर्नामेंट की आधिकारिक जानकारी एवं कार्यक्रम-सूची शीघ्र ही जारी की जाएगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने समन्वय के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

विश्व की श्रेष्ठ सेना पर हर भारतीय को गर्व

### 78वीं सेना दिवस परेड में भारतीय सेना का शौर्य प्रदर्शन, राज्यपाल ने की सराहना

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने 78वीं सेना दिवस पर जगतपुरा के महल रोड पर आयोजित भव्य परेड में भारतीय सेना के शौर्य और अनुशासन का अवलोकन किया। उन्होंने





भारतीय सेना को विश्व की श्रेष्ठ सेनाओं में से एक बताते हुए, जवानों, अधिकारियों, पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों को सेना दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी उपस्थित रहे। लगभग तीन किलोमीटर लंबी परेड में सात रेजिमेंटों की टुकड़ियों ने अनुशासित मार्च पास्ट और अत्याधुनिक हथियारों के प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। राज्यपाल ने कहा कि सेना का साहस, बलिदान और आधुनिक सैन्य क्षमता हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है।

अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ सख्त अभियान

## 02 डम्पर, 01 ट्रैक्टर-ट्रॉली व 01 एलएनटी जेसीबी मशीन जब्त, अब तक 06 प्रकरण दर्ज

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**राजसमंद।** जिले के रेलमगरा थाना क्षेत्र में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन के विरुद्ध पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। राजस्थान सरकार द्वारा अरावली जिलों में अवैध खनन, निर्गमन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है।

जिला पुलिस अधीक्षक गगन गुप्ता के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र पारीक तथा वृत्ताधिकारी नाथद्वारा शिप्रा राजावत के सुपरविजन में थानाधिकारी रेलमगरा प्रवीण जुगतावत के नेतृत्व में गठित थाना पुलिस टीम एवं जिला स्पेशल टीम द्वारा बनास नदी पेटे ओड़ा क्षेत्र में दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान बिना वैध कागजात के अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त 02 डम्पर ट्रक, 01 ट्रैक्टर मय ट्रॉली एवं 01 एलएनटी जेसीबी मशीन को नियमानुसार जब्त किया गया, जिन्हें थाना परिसर में खड़ा करवाया गया है। पुलिस के अनुसार विशेष अभियान के तहत अब तक रेलमगरा थाना क्षेत्र में अवैध रेती खनन एवं परिवहन करते हुए कुल 02 डम्पर, 01 एलएनटी मशीन, 03 ट्रैक्टर मय ट्रॉली एवं 02 पिकअप वाहन जब्त किए जा चुके हैं। वहीं अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध थाना स्तर पर अब तक 06 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं।

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा इस प्रकार की गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## धर्मनगरी उदयपुर से सम्मेद शिखरजी की तीर्थ यात्रा के लिए 35 महिला सदस्यों का दल रवाना

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**उदयपुर।** धर्मनगरी उदयपुर से दशा नागदा समाज द्वारा संचालित प्रगति महिला मंच के तत्वावधान में 35 सदस्यों का दल जैन धर्म के सबसे बड़े तीर्थ सम्मेद शिखर की तीर्थ यात्रा के लिए उदयपुर से ट्रेन से रवाना हुआ। महिला मंच की अध्यक्ष मंजु गदावत ने बताया कि आचार्य अभिनंदन सागर महाराज की सुयोग्य सुशिष्या, बाल योगिनी जिनवाणी सेवा चन्द्रिका, धर्मप्रभाविका, वात्सल्य मूर्ति आर्यिका प्रसन्नमति माताजी की पावन प्रेरणा से आयोजित की गई। जैन समाज के सर्वोच्च एवं अति पावन तीर्थ स्थल सम्मेद शिखरजी की भव्य तीर्थ यात्रा श्रद्धा एवं उल्लास के साथ संपन्न होने जा रही है। यह यात्रा जैन धर्म की आत्मिक साधना, त्याग, तप और मोक्ष मार्ग की भावना को सुदृढ़ करने वाली मानी जाती है। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष भंवर लाल गदावत ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पुण्य आयोजन का सफल संचालन प्रगति महिला मंच की अध्यक्ष मंजु गदावत के नेतृत्व में किया गया। उनके मार्गदर्शन में मंच की सभी महिलाओं को संवेग भावना के साथ सम्मेद शिखरजी की यात्रा पर पुरा दल रवाना हुआ। इस पावन यात्रा में 35 महिलाएं सम्मिलित हैं, जिन्होंने यात्रा के दौरान संयम, नियम, जप-तप, स्वाध्याय एवं प्रभु भक्ति के भाव को आत्मसात किया। यात्रा के माध्यम से महिलाओं में धार्मिक चेतना, आत्मिक अनुशासन एवं सामाजिक एकता का भाव प्रबल हुआ। प्रगति महिला मंच द्वारा आयोजित यात्रा में धर्म के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण, संस्कार संरक्षण एवं समाज में आध्यात्मिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार की दिशा में एक अनुकरणीय पहल भी है।

सीनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में महिला वर्ग ने रचा इतिहास

## राजस्थान को दिलाया कांस्य पदक

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** हाल ही में वाराणसी में आयोजित सीनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता के महिला वर्ग में राजस्थान ने ऐतिहासिक जीत हासिल कर गौरवान्वित किया है। राजस्थान वॉलीबॉल संघ कोषाध्यक्ष एवं जिला वॉलीबॉल संघ सचिव हेमराज सोनवाल ने बताया कि सभी खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राजस्थान को कांस्य पदक दिलाया। इस उपलब्धि के लिए उदयपुर में सभी खिलाड़ियों और टीम प्रशिक्षक का राजस्थान वॉलीबॉल संघ द्वारा भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर भारतीय वॉलीबॉल संघ महासचिव रामानंद चौधरी, राजस्थान वॉलीबॉल संघ सचिव अंजू चौधरी, अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी पूर्व भारतीय वॉलीबॉल संघ महासचिव रामावतार सिंह जाखड़ और सभी पदाधिकारियों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई प्रेषित की। सचिव सोनवाल ने बताया कि राजस्थान टीम के मुख्य कोच उदयपुर जीवाणा से प्रभुलाल जाट और खेरोदा के सहायक कोच लक्ष्मीलाल जाट दोनों ने टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर संतोष जताया। राजस्थान टीम के प्रशिक्षक उदयपुर से रहे दोनों प्रशिक्षक को जिला वॉलीबॉल संघ ने बधाई ओर शुभकामनाएं प्रेषित की।

21 जनवरी को होगा रन फॉर सेफ्टी मैराथन

## नौ चौकी पाल से महाराणा प्रताप उद्यान तक दौड़, सड़कों पर सुरक्षा का देंगे संदेश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**राजसमंद।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आगामी 21 जनवरी को श्रीनाथजीझउदयपुर टोलवेज एवं राजस्थान पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में रन फॉर सेफ्टी मैराथन का आयोजन किया जाएगा। गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा एवं पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने मैराथन के पोस्टर का विमोचन किया और आमजन से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की।

इस अवसर पर अतिरिक्त अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट नरेश बुनकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रजत विश्नोई, जिला परिवहन अधिकारी राघव शर्मा सहित टोलवेज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

टोलवेज के प्रोजेक्ट हेड जयनंदन मिश्रा ने बताया कि यह मैराथन 21 जनवरी को प्रातः 7:30 बजे राजसमंद झील स्थित नौ चौकी पाल से प्रारंभ होकर महाराणा प्रताप उद्यान तक आयोजित की जाएगी। आयोजन के दौरान 100 मीटर एवं 500 मीटर की दौड़ प्रतियोगिताएं भी होंगी, जिनमें विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे।


### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत निरंतर गतिविधियां

जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने बताया कि जिले में 1 जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सड़क सुरक्षा को लेकर निरंतर जन-जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। वहीं पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने आमजन से यातायात नियमों की पालना करने का आह्वान करते हुए रन फॉर सेफ्टी मैराथन में सहभागिता कर सड़क सुरक्षा का सशक्त संदेश देने की अपील की।

## मौनी अमावस्या पर दान-पुण्य का विशेष महत्व

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**



भीनमाल। माघ मास में आने वाली अमावस्या तिथि को मौनी अमावस्या कहा जाता है। इस वर्ष मौनी अमावस्या 18 जनवरी को मनाई जाएगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन पितर अपने वंशजों से मिलने के लिए धरती पर आते हैं। इसी कारण मौनी अमावस्या पर स्नान, दान और पितरों के नाम से किए गए तर्पण का विशेष महत्व माना गया है।

श्रीदर्शन पंचांग कर्ता शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी ने बताया कि इस वर्ष मौनी अमावस्या पर दुर्लभ चतुर्ग्रही योग सहित कई शुभ योग बन रहे हैं, जिससे इस तिथि का महत्व कई गुना बढ़ गया है। 18 जनवरी को मकर राशि में सूर्य, मंगल, बुध और शुक्र एक साथ विराजमान होकर चतुर्ग्रही योग का निर्माण करेंगे। इसके साथ ही गजकेसरी योग, बुधादित्य राजयोग तथा पूर्वाषाढ़ा और उत्तराषाढ़ा नक्षत्र का संयोग भी रहेगा।

उन्होंने बताया कि अमावस्या तिथि पितरों को समर्पित मानी जाती है। मान्यता है कि इस दिन स्नान, दान और पितरों के नाम से तर्पण करने से पितरों को शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। माघ मास का धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है, ऐसे में माघ मास में आने वाली मौनी अमावस्या का महत्व और अधिक बढ़ जाता है।

मान्यताओं के अनुसार मौनी अमावस्या पर पितरों के नाम से किया गया दान-पुण्य कई गुना फल देता है और पितरों का आशीर्वाद परिवार पर बना रहता है। इस दिन ब्राह्मणों और जरूरतमंदों को भोजन कराने तथा दान देने से भी पितर प्रसन्न होते हैं।

## युवा गायक समर्थ जानवे की राग मुल्तानी प्रस्तुति से भाव-विभोर हुए संगीत रसिक

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** मकर संक्रांति के अवसर पर गुलाब बाग आरएमवी रोड स्थित अर्बुदा कला मंदिर संगीत प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित शास्त्रीय भजन संध्या में युवा शास्त्रीय गायक समर्थ जानवे ने राग मुल्तानी की सशक्त प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। हरियाली रेस्टोरेंट परिसर में हुए कार्यक्रम में संगीत प्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

समर्थ जानवे ने मध्यलय एकताल व द्रुत तीनताल में रचना आए सजनवा तथा कबीर दास का भजन तड़पे बिन बालम मोरा जिया रूपक ताल में प्रस्तुत किया। संगत में हारमोनियम पर दुष्यंत चारण व अनुज प्रजापत, तबले पर नवीन राव तथा तानपुरे पर सलोनी रावत ने उत्कृष्ट सहयोग दिया।

संस्थान के प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार वर्मा ने शास्त्रीय संगीत को जीवंत रखने के लिए नियमित संगीत गोष्ठियों की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रमेश प्रजापत रहे तथा अध्यक्षता संरक्षक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने की। अंत में कलाकारों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम में रैली का आयोजन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**



**भीनमाल।** स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रनिर्माण एवं आत्मनिर्भर भारत के सशक्त संदेश के साथ रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

रन फॉर स्वदेशी रैली का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को जन-जन तक पहुंचाना तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-आंदोलन का स्वरूप देना रहा। यह अभियान जन-जागरूकता के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना को सुदृढ़ करते हुए आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल के रूप में सामने आया।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित, जिला उपाध्यक्ष गिरधारीलाल देवासी, रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम के जिला संयोजक परमवीरसिंह भाटी, सह-संयोजक टीकमसिंह राणावत, भरतसिंह भोजाणी, महेंद्र सोलंकी, प्रवीण दवे, चिंकू, पंकज माली, प्रवीण मांजू, गोविंद चौधरी, डॉ. रणवीर चौधरी, हरचंद चौधरी सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थी, रैली प्रतिभागी एवं आम नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

## विकसित भारत युवा संवाद कार्यक्रम में 45 युवाओं का सम्मान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**





**भीनमाल।** विकसित भारत युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन उत्साह, अनुशासन और सकारात्मक वातावरण के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने सहभागिता की और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को लेकर विचार साझा किए।

मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाकर विकसित भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम में युवाओं को अनुशासन, आत्मसंयम, सकारात्मक सोच और जिम्मेदार नागरिक की भूमिका के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि संतुलित जीवनशैली, योग, प्राणायाम, राजयोग, सकारात्मक चिंतन और आत्मअनुशासन के माध्यम से ही युवा अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। युवाओं से आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और राष्ट्रसेवा को जीवन का लक्ष्य बनाने का आह्वान किया गया। साथ ही यह भी कहा गया कि जब युवा सही दिशा में कार्य करते हैं, तभी राष्ट्र निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होता है।

कार्यक्रम में सामाजिक जागरूकता, स्वस्थ जीवनशैली, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध जैसे विषयों पर सारगर्भित विचार रखे गए। वक्ताओं ने युवाओं को समाज और राष्ट्र के लिए सकारात्मक कार्यों से जुड़ने की प्रेरणा दी।

आयोजन में लगभग 150 युवाओं ने सहभागिता कर ईश्वरीय ज्ञान और प्रसाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 45 युवाओं को दुपट्टा, प्रशस्ति पत्र और बैग भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और युवा उपस्थित रहे। समापन अवसर पर आयोजकों की ओर से सभी अतिथियों, वक्ताओं, सहभागियों और युवाओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## खबर संक्षेप

### प्रथम पंचायत समिति स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**संवाददाता : ईश्वरलाल सुथार**

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** जिले की पंचायत समिति झल्लारा द्वारा बुधवार को प्रथम बार पंचायत समिति स्तरीय एक दिवसीय



क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कराकला में किया गया। प्रतियोगिता में पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत स्तर के कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय ग्राम पंचायत के सचिव मनीष पाटीदार, सरपंच प्रतिनिधि मुकेश मीणा सहित पंचायत समिति के कार्मिकों एवं ग्रामीणों का सहयोग रहा। प्रतियोगिता के दौरान पूरे दिन पंचायत समिति झल्लारा के विकास अधिकारी दिनेश चंद्र पाटीदार आयोजन स्थल पर मौजूद रहे। विशेष आकर्षण के रूप में मैचों की कमेंट्री विकास अधिकारी द्वारा स्वयं की गई। समापन अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर सलूंबर दिनेश चंद्र सापेला ने प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचकर मैच का अवलोकन किया तथा विजेता एवं उपविजेता टीमों को पारितोषिक प्रदान किए। इस अवसर पर मंच पर विकास अधिकारी दिनेश चंद्र पाटीदार, सरपंच प्रतिनिधि मुकेश मीणा, समाजसेवी दिनेश सुथार, लक्ष्मण सिंह, प्रशांत उपाध्याय, सरपंच संघ अध्यक्ष धनपाल मीणा, मावाराम, प्रकाश कुमार, शंकर मीणा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। सफल आयोजन के उपलक्ष्य में खिलाड़ियों की ओर से ग्राम सेवक मनीष पाटीदार का उपरणा एवं पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में भानु प्रताप सिंह द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### जैन परिवार द्वारा विद्यालय के जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरण

**संवाददाता : ईश्वलाल सुथार**

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** जिले के नयागांव में गुरुवार को सूरजमल जैन एवं चिराग जैन के परिवार की ओर से स्थानीय



सीनियर विद्यालय में अध्ययनरत जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को स्वेटर एवं सर्दी से बचाव हेतु जैकेट वितरित किए गए। इस दौरान 100 से अधिक बच्चों को गर्म कपड़े उपलब्ध कराए गए। जैन परिवार द्वारा समय-समय पर सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य किए जाते रहे हैं तथा विद्यालय की शैक्षणिक व सहशैक्षणिक गतिविधियों में भी निरंतर सहयोग किया जाता रहा है। स्वेटर वितरण कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य लोकेश जैन, वरिष्ठ अध्यापक फतेह सिंह राठौड़, गौतम सिंह चौहान, नटवरलाल चौबीसा, गोवर्धन गर्ग सहित कई ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने इस पहल को विद्यार्थियों के हित में उपयोगी बताते हुए सराहना की।

### अरावली में अवैध अतिक्रमण व निर्माण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं: जिला कलेक्टर

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार अरावली क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण व निर्माण के खिलाफ



सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला कलेक्टर नमित मेहता ने कैलाशपुरी क्षेत्र में उदयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अवैध रूप से बनाए गए रास्तों व निमार्णों को चिन्हित कर ध्वस्तीकरण के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि अरावली पर्वतमाला में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या अवैध निर्माण किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ शून्य सहनशीलता की नीति के तहत कार्रवाई होगी। उन्होंने पूरे क्षेत्र का ड्रोन सर्वे कराने के निर्देश देते हुए भविष्य में ऐसी गतिविधियों पर त्वरित व कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान यूडीए आयुक्त राहुल जैन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

---

प्रमाण्य-9 : भारतीय सेना हमारा अभिमान

# सैनिकों के सम्मान में उदयपुर में उमड़ा कृतज्ञ राष्ट्रप्रेम











पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, त्याग और बलिदान को नमन करते हुए हवेली परिवार राजस्थान द्वारा प्रमाण्य-9 : भारतीय सेना हमारा अभिमान सैनिक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन आरसीए सभागार में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। भारतीय सेना दिवस के अवसर पर आयोजित यह समारोह केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम और कृतज्ञता का जीवंत उत्सव बनकर उभरा। हवेली परिवार की ओर से प्रद्युमन सिंह राठौड़ गुड़ा एवं डॉ. संजय नागदा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल एन.के. सिंह (सेवानिवृत्त) सहित विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। दीप की ज्योति के साथ ही सभागार में देशभक्ति का भाव प्रखर हो उठा। इसके पश्चात स्वागत उद्बोधन, देशभक्ति गीत, ऊर्जा से भरपूर योग प्रदर्शन तथा वीर सैनिकों और गणमान्य अतिथियों का सम्मान किया गया।

सांस्कृतिक संयोजिका प्रियंका व्यास के निर्देशन में प्रस्तुत राजस्थानी लोक नृत्य, लेट-अस-हूप नृत्य, रॉयल इंस्टिट्यूट की प्रस्तुति, कथक नृत्य, द सरगम का संगीतमय कार्यक्रम, दिया श्रीमाली द्वारा तिरंगे को समर्पित भावनात्मक नृत्य एवं कवि आयुष अरोड़ा की ओजस्वी काव्य प्रस्तुति ने सैनिकों के शौर्य और बलिदान को शब्दों व सुरों में जीवंत कर दिया।

हवेली परिवार के राजेश माली ने बताया कि लेफ्टिनेंट जनरल एन.के. सिंह सहित अन्य वक्ताओं के प्रेरक संबोधनों ने समाज में सैनिकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना को और अधिक सशक्त किया। समारोह में पूर्व अध्यक्ष आरएनऐ उदयपुर हेमंत आमेटा एवं डॉ. राहुल व्यास ने सभी अतिथियों, कलाकारों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन आरजे काव्य द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया।

इस अवसर पर राजस्थान प्रशासनिक सेवा के दलपत सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष उदयपुर गजपाल सिंह राठौड़, गिरीश शर्मा, डॉ. के.सी. यादव, डॉ. शैलेन्द्र पण्ड्या, जी.एल. कुमावत, पंकज बोराना, रमेश चौधरी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।आयोजन को सफल बनाने में हरीश मेनारिया, भरत राठौड़, जयपाल सिंह मांडा, मनोज शर्मा, गौरांश, रियांशी रॉय एवं मानस गहलोत का विशेष योगदान रहा।

समारोह के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि भारतीय सेना केवल देश की सुरक्षा का आधार ही नहीं, बल्कि हर नागरिक के गर्व, सम्मान और आत्मबल का प्रतीक है, और राष्ट्र सदैव अपने सैनिकों के प्रति कृतज्ञ भाव से नतमस्तक रहेगा।

---

## भींडर मित्र मंडल उदयपुर द्वारा 700 स्वेटर एवं 300 कम्बल वितरित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** भींडर मित्र मंडल, उदयपुर की ओर से कड़ाके की सर्दी को देखते हुए भींडर पंचायत समिति के ग्रामीण क्षेत्रो में कम्बल एवं स्वेटर का वितरण किया गया । भींडर मित्र मंडल उदयपुर के अध्यक्ष लोकेन्द्रसिंह चावड़ा ने बताया भींडर के रणीया, धावडि?ा, गाड़रियावास कुन्थवास, धकडावला, कुंडई, कुंथवास, सवना, रायला ग्राम के प्राथमिक एवं उच्च माध्यमिक स स्कूलो के





लगभग 700 जरूरतमंद बच्चो को स्वेटर और लगभग 300 कम्बले ग्रामीणों को वितरित किया गया । सचिव आशीष सिंघवी ने बताया की भींडर मित्र मण्डल उदयपुर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह पुनीत कार्य किया गया । भींडर मित्र मण्डल पूर्व मे भी ऐसे सेवा कार्यों के माध्यम से जरूरतमंद लोगो की सेवा करता रहा है । कार्यक्रम मे भीण्डर मित्र मण्डल के पूर्व सचिव नवनीत सोमानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूरन कोठारी, संजय गर्ग एवं नरेश मीणा सहित कई सदस्यगण उपस्थित रहे ।

## ड्रैगन बोट राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को जिला कलेक्टर ने दी बधाई

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** भोपाल में आयोजित 14वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट प्रतियोगिता में दो इवेंट में स्वर्ण एवं रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ी गुरुवार को जिला कलेक्टर नमित मेहता से मिले। कलेक्टर मेहता ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



इस अवसर पर राजस्थान कायाकिंग एवं कैनोइंग संघ के चेयरमैन पीयूष कच्छवाहा, तुषार मेहता, टीम कोच तनिष्क पटवा सहित राजस्थान टीम के खिलाड़ी कनिष्का कुमावत, शगुन कुमावत, मनस्वी सुखवाल, नाईसा पानेरी, चार्वी कुमावत, काव्या सैनी, प्रनवी कुमावत, तेजस्वी जोशी, देवेन्द्र सिंह, कुलवर्धन सिंह शक्तावत, पार्थ सिंह चुण्डावत, सक्षम कुमावत, अनन्त सिंघवी, मानस सुखवाल एवं पार्थ कुमावत उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने खिलाड़ियों को निरंतर मेहनत करते हुए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

---

## सरवाड़ तहसील में गिरदावरी कार्य का निरीक्षण, पारदर्शिता और सटीकता पर जोर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सरवाड़।** तहसीलदार बंटी देवी राजपूत ने सरवाड़ तहसील क्षेत्र में चल रहे गिरदावरी कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्यार, सुनारिया एवं फतहगढ़ गांवों का दौरा कर मौके पर फसलों की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया तथा राजस्व अभिलेखों से उसका मिलान किया।

निरीक्षण के दौरान तहसीलदार राजपूत ने संबंधित पटवारियों को गिरदावरी कार्य पूर्ण पारदर्शिता, सटीकता और समयबद्धता के साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि



किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए और राजस्व रिकॉर्ड में सही व तथ्यात्मक प्रविष्टियां सुनिश्चित की जाएं। निरीक्षण से क्षेत्र में राजस्व कार्यों की गुणवत्ता में सुधार के साथ-साथ किसानों के हितों की रक्षा को भी बल मिला।

## मकर संक्रांति पर आयुर्वेद महाविद्यालय का भव्य आयोजन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** मकर संक्रांति के अवसर पर मदन मोहन मालवीय राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय की ओर से गांधी ग्राउंड में विशाल सूर्य नमस्कार एवं योग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 800 से अधिक प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार कर योग व आयुर्वेद के महत्व का संदेश दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भगवती प्रसाद सारस्वत रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल उपस्थित






रहीं। बारह सूर्य मंत्रों के उच्चारण के साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं योग अभ्यास कराया गया।

प्राचार्य प्रो. अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि उत्तरायण काल में योग एवं सूर्य नमस्कार से स्वास्थ्य और सकारात्मक ऊर्जा में वृद्धि होती है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के चिकित्सक, स्टाफ एवं बड़ी संख्या में आमजन ने सहभागिता की और नियमित योग अपनाने का संकल्प लिया।

---

## चम्बल साहित्य श्री सम्मान मिलने पर खुर्शीद शेख 'खुर्शीद' को दी बधाइयां

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** चम्बल साहित्य श्री सम्मान मिलने पर शहर के शायर खुर्शीद शेख 'खुर्शीद' को शहर के साहित्यकारों, साहित्य रसिकों एवं शायरों ने बधाइयां दी है। हाल ही में कोटा के चम्बल साहित्य संगम की ओर से धन्ना लाल मेहरा की स्मृति में आयोजित नवें चम्बल साहित्यश्री सम्मान-2026 से उदयपुर के शायर और अदबी उड़ान के प्रकाशक खुर्शीद शेख 'खुर्शीद' को शॉल, श्रीफल, पगड़ी, उपरना, सम्मान-पत्र एवं नकद राशि देकर सम्मानित किया गया था। कोटा के कुन्हाड़ी में आयोजित सम्मान समारोह में कवि बद्री





लाल दिव्य के आठवें कविता संग्रह 'एक दीप और जलाना' तथा अदबी उड़ान पत्रिका के 41 वें अंक सुनहरा भारत विशेषांक का लोकार्पण भी किया गया। इस अवसर पर संभाग के प्रमुख ख्यातनाम रचनाकार किशन लाल वर्मा, मुकुट मणिराज, जितेन्द्र निमोही, बाबू बंजारा, चाँद शेरी, रामेश्वर शर्मा, महेन्द्र नेह, गोरस परचण्ड, आर. सी. आदित्य, रामकरण प्रभाती, हंसराज चौधरी, मयंक सोलंकी, विष्णु विश्वास, राजेन्द्र पंवार, मुरलीधर गौड़, सुरेश पण्डित, विष्णु हरिहर, जगदीश निराला, दिनेशराय द्विवेदी, कमलेश कमल,घाँसी लाल पंकज, महावीर मेहरा, पवन गौतम, सत्येन्द्र वर्मा, महेश पंचोली, दुगार्शंकर बैरागी, रुपनारायण संजय आदि उपस्थित रहे।

## काजू व्यापारियों से करोड़ों की ठगी मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**कोच्चि/केरल।** प्रवर्तन निदेशालय के कोच्चि जोनल कार्यालय ने काजू व्यापारियों से बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी व धन शोधन के मामले में कोल्लम निवासी अनीश बाबू (35) को 14 जनवरी 2026 को धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 की धारा 19(1) के तहत गिरफ्तार किया।

ईडी की जांच के अनुसार आरोपी ने तंजानिया व अन्य अफ्रीकी देशों से कच्चे काजू के आयातझआपूर्ति का झांसा देकर व्यापारियों से लगभग 24.76 करोड़ रुपये अग्रिम रूप में वसूले, लेकिन न तो आपूर्ति की गई और न ही राशि लौटाई गई। जांच में फर्जी बिल ऑफ लोडिंग, स्विफ्ट संदेश और चेक के उपयोग का खुलासा हुआ। धनराशि को परतों में छिपाकर आंशिक रूप से विदेशों में रखने के साक्ष्य भी सामने आए, जो PMLA की धारा 3





के अंतर्गत अपराध है। आरोपी के खिलाफ केरल पुलिस व बाद में क्राइम ब्रांच कोल्लम द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू हुई थी। वर्ष 2021 से जारी समनों के बावजूद आरोपी का रवैया असहयोगपूर्ण रहा। उसकी अग्रिम जमानत याचिकाएं सत्र न्यायालय एनार्कुलम, केरल उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय से खारिज हो चुकी हैं। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को 15 जनवरी 2026 को विशेष न्यायालय (पीएमएलए) एनार्कुलम में पेश किया गया, जहां उसे 19 जनवरी 2026 तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। ईडी द्वारा धन के स्रोत, अंतरराष्ट्रीय लेनदेन और नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों की भूमिका की जांच जारी है।

---

## माहेश्वरी महिला गौरव मण्डल ने तिमारदारों व मरीजों को भोजन कराया





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** माहेश्वरी महिला गौरव मण्डल की ओर से अन्न दान महादान अभियान के तहत भूखे को भोजन, प्यास को पानी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षा आशा नरानीवाल ने बताया कि संरक्षक कौशल्या गट्टानी व जनक बागड़ के निर्देशन में महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय में संचालित निःशुल्क भोजनशाला में 350 से अधिक तिमारदारों व मरीजों को भोजन कराया। सचिव सीमा लाहोटी बताया कि मण्डल की सदस्यों ने तन, मन धन से सहयोग करते हुए अपने हाथो से भोजन परोसा। साथी यह संन्देश दिया थाली में उतना ही लो व्यर्थ न जाये नाली में सभी को जानकादी प्रदान की। गो-शाला में गायों को गुड व रचका भी खिलाया गया। इस अवसर पर शान्ता सोमानी, रेखा देवपुरा, रीमा सोमानी, प्राची, कला, सरिता मुन्द्रा, नीना, टीना, भावना, ललिश, कविता मंत्री, आभा सहित कई सदस्याएं मौजूद रही।

## पाली जिला सैनिक कल्याण बोर्ड को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान, जिले के लिए गौरव का क्षण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**पाली।** दसवें डिफेंस फोर्सेज वेटरन्स दिवस के अवसर पर केंद्रीय सैनिक बोर्ड, दिल्ली में पाली जिला सैनिक कल्याण बोर्ड को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि न केवल पाली जिले, बल्कि राजस्थान के लिए भी गर्व का विषय बनी है।

ओम ज्ञान गंगा मिशन भारत की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा कंवर राठौड़ एवं समस्त टीम की ओर से पाली जिला सैनिक कल्याण बोर्ड को इस राष्ट्रीय सम्मान के लिए हार्दिक अभिनंदन एवं बधाई दी गई।

जानकारी के अनुसार पाली जिला सैनिक कल्याण बोर्ड को यह सम्मान भूतपूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याण के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर प्रदान किया गया है। बोर्ड द्वारा पूर्ण आवास, सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा सैनिक परिवारों की समस्याओं के समाधान हेतु उल्लेखनीय प्रयास किए गए, जिसके चलते पूरे देश में चयनित केवल तीन सैनिक कल्याण बोर्डों में राजस्थान से पाली जिला सैनिक कल्याण बोर्ड का चयन हुआ।

यह पुरस्कार थल सेना अध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी के कर कमलों से प्रदान किया गया, जिसे सेवानिवृत्त कर्नल गजेंद्र सिंह राठौड़ ने ग्रहण किया।

इस अवसर पर श्रीमती इंदिरा कंवर राठौड़ ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान पाली जिले के सभी भूतपूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं एवं उनके आश्रितों के सामूहिक कल्याण और सेवा भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सैनिक परिवारों के प्रति किए जा रहे समर्पित कार्यों को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी।

ओम ज्ञान गंगा मिशन भारत की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा कंवर राठौड़ एवं पूरी टीम की ओर से पाली जिला सैनिक कल्याण बोर्ड को इस राष्ट्रीय सम्मान के लिए पुनः हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।